
Australian Government
Department of Health and Aged Care



# प्रशामक देखभाल से जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है

**यदि आपको जीवन सीमित करने वाली कोई बीमारी है, तो अपनी देखभाल की योजना बनाने में कभी भी देरी नहीं करनी चाहिए।**

---

**प्रशामक देखभाल के बारे में और अधिक जानकारी के लिए यहां जाएं:**

**health.gov.au/palliative-care**

## शुरुआत में ही प्रशामक देखभाल उपलब्ध कराने से जीवन सीमित करने वाली बीमारी से ग्रस्त लोगों और उनके परिवारों का मानसिक स्वास्थ्य और सकुशलता बेहतर हो पाता है।

यदि आपको जीवन सीमित करने वाली कोई बीमारी है, तो प्रशामक देखभाल से आपको यथासंभव संपूर्ण और आरामदायक जीवन जीने में सहायता मिल सकती है।

प्रशामक देखभाल में/को:

- शारीरिक, मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक, चिकित्सीय, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक देखभाल शामिल है
- अनेक तरह के परिवेशों में प्रदान किया जा सकता है, जिसमें आपका घर, वृद्ध देखभाल गृह, अस्पताल, वृद्धाश्रम या प्रशामक देखभाल इकाई शामिल है
- परिवार और देखभालकर्ताओं के लिए समर्थन शामिल है।

## अपनी देखभाल की योजना बनाने में कभी भी देरी नहीं करनी चाहिए।

शुरू में ही जीवन के अंत की देखभाल के बारे में बातचीत करने से आपको अपनी देखभाल की योजना बनाने में सहायता मिल सकती है:

- अपने मूल्यों और प्राथमिकताओं के बारे में सोचें और अपने प्रियजनों को अपनी इच्छाएं बताएं
- एक Advance Care Plan [अग्रिम देखभाल योजना] बनाएं, ताकि यदि आप अपनी ओर से बोलने में सक्षम न रहें, तो आपकी स्वास्थ्य देखभाल प्राथमिकताएं ज्ञात हों और उनका सम्मान किया जाए।

**यदि आपको जीवन सीमित करने वाली कोई बीमारी है,**

**तो प्रशामक देखभाल विकल्पों के बारे में अपने GP [जीपी] से बात करें।**